जागृति

चरखा विशेष

वर्ष: 60 अंक: 9 मुम्बई अगस्त 2016

चरखा विशेषांक

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की ग्रामीण औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका
खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मुंबई

जागृति

खादी और ग्रामोद्योग आयोग की
औद्योगिकीकरण विषयक मासिक पत्रिका

वर्ष:60 अंक:9 मुम्बई अगस्त 2016

सम्पादक मंडल

अध्यक्ष

अरुण कुमार झा

सम्पादक

के. एस. राव

उप सम्पादक

सुबोध कुमार

अवर उप सम्पादक

अमृता सोम मुखर्जी

अवर हिन्दी अनुवादक

सरस्वती खनका

वरिष्ठ कलाकार

संजय एस. सोमदे

कलाकार

चंद्रशेखर पुनवटकर,

दिलीप पालकर

के. सुब्बाराव, द्वारा प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय, खादी और ग्रामोद्योग आयुक्त कार्यालय, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 के लिए प्रकाशित

टेलिफैक्स: 022-26719465

ई-मेल: jagritikvic@gmail.com वेबसाईट : wwwkvic.org.in

प्रचार, फिल्म एवं लोक शिक्षण कार्यक्रम निदेशालय, खादी और ग्रामोद्योग आयुक्त कार्यालय, ग्रामोदय, 3 इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम), मुम्बई - 400 056 में प्रकाशित

सदस्यता शुल्क

वार्षिक सदस्यता शुल्क	:	रू. 100/-
3 वर्ष के लिये सदस्यता शुल्क	:	रू. 250/-

आवश्यक नहीं कि पत्रिका में प्रकाशित लेखों तथा व्यक्त विचारों से खादी और ग्रामोद्योग आयोग अथवा सम्पादक सहमत हों।

समाचार सार 3 से 25

भारत के माननीय प्रधान मंत्री का संदेश.....

आवरण कथा-इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली पर विश्व के सबसे.....

यदि एक सामान्य व्यक्ति एक साल में कम से कम 5000/- रूपये के खादी.....

उत्पादों...कतिनों और बुनकरों के हित में नई प्रौद्योगिकी को अपनायें.....

चरखा हमारे उन अज्ञात योद्धाओं के स्मृति चिन्ह की तरह है .....

चरखे का सन्देश इसकी परिधि से भी अधिक व्यापक है।.....

खादी की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए आयोग द्वारा गिफ्ट वाऊचर की शुरुआत.....

केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री श्री कलराज मिश्र द्वारा नये एमएसएमई राज्य मंत्री.....

सूक्ष्म उद्योगों से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी -कलराज मिश्र.....

एमएसएमई मंत्री द्वारा खादी एयरपोर्ट बिक्री केंद्र का निरीक्षण.....

विशाखापटनम एयरपोर्ट में खादी बिक्री केंद्र.....

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल को आयोग के कार्यक्रमों.....

प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के आनॅलाइन कार्यान्वयन हेतु राज्य स्तरीय.....

आयोग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा के.एन.एच.पी.आई.,जयपुर दौरा.....

आयोग के अध्यक्ष हेरिटेज चरखे पर कताई करते हुए.....

श्री प्रित्पल धीमन द्वारा चरखा दान में दिया गया.....

आयोग द्वारा संसद भवन परिसर में खादी इंडिया स्टॉल का शुभारंभ.....

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई ने खादी को अपने दीक्षांत परिधान के रूप में चुना....

हिन्दी कार्यशाला का आयोजन.....

विशालतम चरखे का निर्माण.....

चरखे की यात्रा.....एवं उसके स्वरूप.....

विश्व के विशालतम चरखे का निर्माण.....

समाचार पत्रों में प्रकाशित खादी ग्रामोद्योग क्षेत्र की झलकियां.....25 से 28

सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

MESSAGE

I am happy to learn that the world's largest wooden charkha, installed by the Khadi and Village Industries Commission at the IGI Airport, New Delhi, is being opened for public viewing on 5th July 2016.

The charkha is a symbol of our glorious heritage, and an inspiring reminder of our freedom struggle, led by the Father of the Nation – Mahatma Gandhi.

I am sure, the charkha will serve to remind travellers at the IGI airport of India's timeless heritage, and the values of sustainability and harmony that it stands for.

(Narendra Modi)

New Delhi
25 June, 2016

आवरण कथा

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली पर विश्व के सबसे बड़े चरखे का अनावरण

"मुझे यकीन है कि यह चरखा आई.जी.आई. हवाईअड्डे पर यात्रियों को भारत के अक्षुण्य विरासत, परंपरा, मूल्यों के स्थायित्व और सामंजस्य का स्मरण कराएगा।"

- भारत के माननीय प्रधानमंत्री

खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा आई.जी.आई. हवाईअड्डे, नई दिल्ली के टर्मिनल 3 में चरखे का अनावरण

चरखे के बारे में देशी और विदेशी यात्रियों तथा आगंतुकों के मन में स्वदेशी की भावना जागृत करना है

5 जुलाई 2016, नई दिल्ली : खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा आज आई.जी.आई. हवाईअड्डे, नई दिल्ली के टर्मिनल 3 में विश्व के सबसे बड़े काष्ठ चरखे का अनावरण किया गया।

देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर दुनिया का सबसे बड़ा चरखा प्रदर्शित करने का मुख्य उद्देश्य भारत की खोज तथा महात्मा गांधीजी द्वारा निरुपित समतावादी समाज को बढ़ावा देने के विचार को उजागर करना है।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने सन्देश में खादी और ग्रामोद्योग आयोग की सराहना करते हुए कहा कि "मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विश्व के सबसे बड़े काष्ठ चरखे की स्थापना खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा आई.जी.आई. हवाईअड्डे, नई दिल्ली में किया जा रहा है जो कि जनता के दर्शन हेतु 5 जुलाई, 2016 को खोला जायेगा। यह चरखा हमारी गौरवशाली विरासत और महात्मा गांधी के नेतृत्व में लड़े गए स्वतन्त्रता संग्राम का प्रेरणादायी अनुस्मारक है। मुझे यकीन है कि यह चरखा आई.जी.आई. हवाईअड्डे पर यात्रियों को भारत के अक्षुण्य विरासत, परंपरा, मूल्यों के स्थायित्व और सामंजस्य का स्मरण कराएगा।"

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने अहमदाबाद में खादी ग्रामोद्योग समिति द्वारा 55 दिनों में 42 कारीगरों द्वारा तैयार विश्व का सबसे बड़ा सागौन की लकड़ी से बना चरखा; 17 फुट ऊँचा, 30 फुट लंबा, 9 फुट चौड़ा और जिसका वजन 4149 कि.ग्रा. है, को स्थापित कर महात्मा गांधी के पारंपरिक चरखे को नवीन अर्थ और नूतन व्याख्या प्रदान कर पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है।

आवरण कथा

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली पर विश्व के सबसे बड़े चरखे का अनावरण.....

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री अमित शाह ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि आज खादी जीवन शैली बन गई है, यह कुछ लोगों के लिए सामाजिक क्रांति है परन्तु यदि एक सामान्य व्यक्ति एक साल में कम से कम 5000/- रू॰ के खादी उत्पादों की खरीदी करता है तो इससे गरीब व्यक्ति को, रोजी रोटी का अर्जन करने में बहुत बड़ी सहायता होगी|

उन्होंने आगे बताया कि सरकारी विभाग जैसे रेलवे ने अपनी कुल आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत ऑर्डर खादी के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसमें चादर, तकिए के गिलाफ आदि सम्मलित हैं | इससे 17 लाख लोगों के लिए रोजगार का सृजन होगा|

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के केन्द्रीय मंत्री ने गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस चरखे की स्थापना, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के दिशानिर्देशन में की गई है | उन्होंने आगे कहा कि 'खादी स्वदेशी का प्रतीक है और चरखा स्वतन्त्रता आंदोलन का मूर्त रूप है|' यह विदेशी सामग्रियों का बहिष्कार और आर्थिक क्रांति का प्रतीक है | किन्तु दुर्भाग्यवश चरखे को सार्थक महत्व प्राप्त नहीं हो सका है | यह प्रथम बार हुआ है कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी ने न केवल चरखे के प्रति अपनी आत्मीयता और मनोभाव व्यक्त किया है बल्कि यह भी स्पष्ट करने का भी प्रयास किया है कि खादी के प्रति कम होते आम आदमी के लगाव को कैसे बढ़ाया जाय|

उन्होंने आगे बताया कि एक माह में खादी के उत्पादन और बिक्री में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अभी इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है | कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि "जब उत्पादन और बिक्री में बढ़ोतरी हो रही है तब खादी की गुणवता में वृद्धि होनी चाहिए, डिजाइन की गुणवता और बुनाई में भी सुधार की जरूरत है|" खादी को वैश्विक बाज़ार में उतारने की आवश्यकता है | खादी की मांग वैश्विक बाज़ार में काफी बढ़ रही है | मंत्री महोदय ने ग्रामोद्योगी उत्पाद जैसे कुम्हारी उत्पादों की खरीदी करने का भी अनुरोध किया तथा नई प्रौद्योगिकी पर बोलते हुए उन्होंने सोलर चरखे पर चर्चा की|

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि "चरखा हमारे उन अज्ञात योद्धाओं के स्मृति चिन्ह की तरह है एवं अपरिचित ग्रामीण जनसमूह का प्रतीक है, जिन्होंने राष्ट्र पिता के आह्वान पर, उनके द्वारा दिखाए गए आत्मनिर्भता और श्रम की गरिमा के मार्ग को अपनाया | अपने इस प्रयास में शायद हम हर उस व्यक्ति को प्रलेखित और स्मरण नहीं कर पाये हैं जो सूत बुनकर अहिंसात्मक स्वतन्त्रता संग्राम के पथ पर चले हैं, परंतु जब हम पूर्ण सम्मान के साथ चरखे का उत्सव मनाते हैं तब हम प्रतीकात्मक रूप से उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं|"

चरखा, महात्मा गांधी के खादी प्रचार का मूर्त रूप था|

आवरण कथा

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली पर विश्व के सबसे बड़े चरखे का अनावरण.....

यह स्वदेशी, स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता और परस्पर निर्भरता की पहचान है क्योंकि कपास उत्पादक, धुनियाँ बुनकर, संवितरणकर्ता और उपभोगता यह सब चरखे द्वारा एक-दूसरे पर निर्भर है|

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली के अध्यक्ष श्री जी.एम. सुब्रमणियम ने अपने उद्बोधन में कहा कि दिल्ली एयरपोर्ट में विश्व के सबसे बड़े चरखे की स्थापना कर दिल्ली हवाई अड्डे के मुकुट में एक और हीरा जड़ गया है। "हम राष्ट्र के महान परिसंपति के परिरक्षक हैं एंव स्वदेशी के प्रतीक हैं।" उन्होंने पुनः दोहराया कि इस विचार का मुख्य उद्देश्य देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट में विश्व का विशालतम चरखा स्थापित कर देशी और विदेशी यात्रियों तथा आगंतुकों के मन में स्वदेशी की भावना जागृत करना है।

यह चरखा भारतीय जनता पार्टी के माननीय अध्यक्ष श्री अमित शाहजी के शुभ करकमलों द्वारा माननीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री, श्री कलराज मिश्र, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम राज्य मंत्री, श्री गिरिराज सिंह, सांसद लोकसभा, मीनाक्षी लेखी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव, श्री के.के. जालान, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना और आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अरुण कुमार झा, डॉ. महेश शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में राष्ट्र को समर्पित किया गया।

यह प्रतिष्ठित चरखा प्रस्थान प्रांगण के गेट नंबर 4 और 5 के बीच स्थापित किया गया है जो विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दे रही है। टर्मिनल में विद्यमान सभी कलाकृतियां – मुद्राएँ, राजसी शोभायात्रा, हाथी की मूर्तियां, सूर्य की प्रतिमा, सूर्यनमस्कार और वर्ली चित्रकारी- विश्व स्तर पर भारतीय विरासत को दर्शाती है।

इस घंटों लम्बे चले कार्यक्रम की सबसे प्रमुख बात यह थी की बड़ी संख्या में आमंत्रितों और अति विशिष्ट व्यक्तियों के होने के बावजूद भी यह यात्रियों और आगंतुकों को बिना कोई बाधा पहुंचाए शांतिपूर्वक चलता रहा।

●●●

आवरण कथा

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली पर विश्व के सबसे बड़े चरखे का अनावरण.....

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री अमित शाह का भाषण संक्षेप में:

"यदि एक सामान्य व्यक्ति एक साल में कम से कम 5000/- रूपये के खादी उत्पादों की खरीदी करता है तो इससे गरीब व्यक्ति को, रोजी-रोटी का अर्जन करने में बहुत बड़ी सहायता होगी।"

भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष श्री अमित शाह ने अपने भाषण में कहा कि आज खादी जीवन शैली बन गई है, यह कुछ लोगों के लिए सामाजिक क्रांति है परन्तु यदि एक सामान्य व्यक्ति एक साल में कम से कम 5000/- रूपये के खादी उत्पादों की खरीदी करता है तो इससे गरीब व्यक्ति को, रोजी-रोटी का अर्जन करने में बहुत बड़ी सहायता होगी।

उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जो भी लोग सम्पन्न हैं, यदि वे एक साल में 5000/- रूपये की खादी खरीदें, तो देश में ना बेकारी रहेगी, ना कोई भूखा रहेगा, इतनी ताकत इस खादी के विचार में है।

अपने बचपन की यादों का स्मरण करते हुए श्री शाह ने बताया कि उनकी माताजी ने बाल्यावस्था से ही खादी वस्त्रों को उपयोग में लाने की आदत डाली है। अध्यक्ष महोदय ने आगे कहा कि गांधीजी की शाश्वत खादी विचारधारा आज आजीविका का साधन बन गई है, खादी सम्पूर्ण रुप से स्वदेशी में एकीकृत हो गई है तथा आज यह स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की पहचान है, परन्तु कपास उत्पादक, धुनियाँ, बुनकर, संवितरणकर्ता और उपभोगता यह सब चरखे द्वारा एक-दूसरे पर निर्भर है। उन्होंने बताया कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मात्र एक दृष्टिकोण हैं।

उन्होंने आगे पुनः दोहराते हुए कहा कि मशीन और औद्योगिक क्रांति से दो सिद्धांत-पूंजीवाद और समाजवाद का उदय हुआ है। इसमें से प्रथम व्यापार पर और दूसरा सरकार पर केन्द्रित है, किन्तु इसमें से कोई भी व्यक्तिवाद और मानवतावाद पर ध्यान केन्द्रित नहीं करता है। उन्होंने आगे कहा कि मानवतावाद के माध्यम से स्व-रोजगार प्रदान करने की नवीन विचारधारा गांधीजी द्वारा अपनाई गई थी। गांधीजी शब्दों से अधिक कर्म पर विश्वास करते थे। मेरा जीवन ही मेरा संदेश है -गांधीजी का सिद्धांत था।

श्री अमित शाह ने आगे कहा कि गांधीजी ने चरखे के माध्यम से स्थायी रोजगार प्रदान करने और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन का आह्वान किया था।

श्री अमित शाह ने सरकारी विभागों द्वारा खादी की खरीदी करने पर ज़ोर दिया, उन्होंने बताया कि सरकारी विभाग जैसे रेलवे ने अपनी कुल आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत ऑर्डर खादी के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसमे चादर, तकिए के गिलाफ आदि शामिल हैं, इससे 17 लाख लोगों के लिए रोजगार का सृजन होगा।

उन्होंने, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के खादी खरीदने के आह्वान को उद्धृत करते हुए कहा कि मोदीजी ने इस क्रांति का सृजन किया है और हमें जन साधारण के सहयोग से इसे प्रभावी रूप से आगे बढ़ने की आवश्यकता है।

●●●

आवरण कथा

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली पर विश्व के सबसे बड़े चरखे का अनावरण.....

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री के संबोधन का सार

कतिनों और बुनकरों के हित में नई प्रौद्योगिकी को अपनायें.....

समारोह में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री कलराज मिश्र ने गणमान्य व्यक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस चरखे की स्थापना, माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी के दिशानिर्देशन में की गई है। उन्होंने इस अवसर पर आगे कहा कि 'खादी स्वदेशी का प्रतीक है और चरखा, स्वतंत्रता आंदोलन का मूर्त रूप है। यह विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार और आर्थिक क्रांति का प्रतीक है। किन्तु दुर्भाग्यवश चरखे को सार्थक महत्व प्राप्त नहीं हो सका, यह प्रथम बार हुआ है कि हमारे माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी ने न केवल चरखे के प्रति अपनी आत्मीयता और मनोभाव व्यक्त किया है, बल्कि यह स्पष्ट करने का भी प्रयास किया है कि खादी के प्रति कम होते आम आदमी के लगाव को कैसे बढ़ाया जाय। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने आम जनता से आह्वान करते हुए कहा कि जहाँ आप बाकी का सामान खरीदते हैं, वहीं एक खादी का भी खरीदें और इसका लोगों के मन पर तीव्र प्रभाव हुआ है।

उन्होंने आगे बोलते हुए इस अवसर पर बताया कि एक माह में खादी के उत्पादन और बिक्री में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अभी इसमें 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब उत्पादन और बिक्री में बढ़ोतरी हो रही है तब खादी की गुणवता में वृद्धि होनी चाहिए, डिजाइन की गुणवता और बुनाई में भी सुधार की जरूरत है। खादी को वैश्विक बाज़ार में उतारने की आवश्यकता है।

माननीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ने ग्रामोद्योगी उत्पाद जैसे कुम्हारी उत्पादों की खरीदी करने के अनुरोध हेतु प्रधान मंत्री जी द्वारा कहे हुए कथन को उद्धृत किया कि - दीपावली के दिन मिट्टी के दिए (दीपकों) का उपयोग करें।

श्री मिश्र ने यह भी कहा कि कतिनों और बुनकरों के लाभ के लिए नई प्रौद्योगिकी को अपनाना चाहिए, जिससे उनका जीवन सुखमय और संतुष्टमय हो। उन्होंने आगे यह भी बताया कि यहाँ तक कि गांधीजी भी कभी नई प्रौद्योगिकी के विरोध में नहीं थे, बल्कि उन्होंने इस क्षेत्र में कतिनों और बुनकरों के हित में नई प्रौद्योगिकी का समर्थन किया था।

सोलर चरखा के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रौद्योगिकी को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खादी भविष्य का वस्त्र है और वैश्विक बाज़ार में इसकी काफी महत्ता है। इस वास्तविकता को महसूस करते हुए हमारे माननीय प्रधान मंत्रीजी इसे वैश्विक बाज़ार में बढ़ावा दे रहे है।

माननीय मंत्री महोदय ने कहा कि खादी, स्वदेशी तथा आत्मीयता का प्रतीक है और यह निश्चित रूप से भौगोलिक और भावात्मक एकता लाएगी, खादी इन सबका प्रतिनिधित्व करती है। खादी की विभिन्न किस्में जैसे असम में मूगा सिल्क, दक्षिण भारत का सिल्क, इसके अतिरिक्त खादी में अनेक विविधता है। उन्होंने आगे बताया कि खादी का प्रचलन मात्र देश में ही नहीं बल्कि वैश्विक बाज़ार में भी दिन प्रति दिन बढ़ता जा रहा है।

मंत्री महोदय ने आगे बताया कि यू. एस.अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में खादी की मोदी जैकेट को उपयोग में लाया गया और इसे सम्मेलन में महत्वपूर्ण व्यक्तियों द्वारा पहना गया था। माननीय मंत्री महोदय ने आपसी तालमेल पर प्रकाश डालते हुए इस दिशा में संगठन और सरकार के साथ मिलकर काम करने पर भी अपने विचार व्यक्त किये।

●●●

आवरण कथा

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली पर विश्व के सबसे बड़े चरखे का अनावरण.....

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना का भाषण संक्षेप में

"चरखा हमारे उन अज्ञात योद्धाओं के स्मृति चिन्ह की तरह है .....एवं अपरिचित ग्रामीण जनसमूह का प्रतीक है.....

विश्व के विशालतम चरखा के लोकार्पण के शुभ अवसर पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि चरखा हमारे उन अज्ञात योद्धाओं के स्मृति चिन्ह की तरह है एवं अपरिचित ग्रामीण जनसमूह का प्रतीक है, जिन्होंने राष्ट्रपिता के आह्वान पर उनके द्वारा दिखाए गए आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा के मार्ग को अपनाया। अपने इस प्रयास में शायद हम हर उस व्यक्ति को प्रलेखित और स्मरण नहीं कर पाये हैं, जो सूत बुन कर अहिंसात्मक स्वतन्त्रता संग्राम के पथ पर चले हैं, परंतु जब हम पूर्ण सम्मान के साथ चरखे का उत्सव मनाते हैं तब हम प्रतीकात्मक रूप से उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। देश की राजधानी के प्रमुख स्थान पर स्वराज के इस प्रतीक को स्थापित करने से यह यात्रियों और आगंतुकों का निरंतर ध्यान आकर्षित करेगा।

यह बहुत ही महत्वपूर्ण बात है कि नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में चरखा स्थापित किया गया है। यहाँ पर सम्पूर्ण विश्व के लाखों लोग एक क्षण के लिए रुक कर भारत के इस ऐतिहासिक प्रतीक का दर्शन कर इसकी सराहना करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि नई दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट हमारे लिए उन्मुक्त आकाश का प्रवेशद्वार है जो हमें 1924 में स्वराज के लिए किए गए आह्वान की याद दिलाता है और स्वतन्त्रता प्राप्ति के लिए हमारी आकांक्षाओं को उड़ने के पंख देता है।

श्री सक्सेना ने आगे कहा कि देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डे पर दुनिया का सबसे बड़ा चरखा प्रदर्शित करने का मुख्य उद्देश्य भारत की खोज तथा महात्मा गांधीजी द्वारा निरुपित समतावादी समाज को बढ़ावा देने के विचार को उजागर करना है। टर्मिनल के प्रस्थान प्रांगण में प्रतिष्ठित चरखा स्थापित करने से यह विभिन्न कलाकृतियों के माध्यम से भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देगा और इसे आगे ले जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि लाखों विदेशी जो यहाँ पर्यटन एंव रोजगार के उद्देश्य से आएंगे और अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से गुजरेंगे तो यहाँ पर स्थापित इस अहिंसा के प्रतीक की स्मृति अपने साथ ले जाएंगे। यह चरखा वैसा ही प्रासंगिक है जैसाकि स्वतन्त्रता से पूर्व था।

उन्होंने आगे कहा कि चरखा में ऐसी शक्ति है कि इसको चलाने के लिए किसी शैक्षणिक योग्यता की जरूरत नहीं है एवं इसे चलाने के लिए कोई आयु सीमा भी नहीं है। उन्होंने बताया कि मोदी नगर निवासी 80 वर्षीय महिला आज भी चरखा चलाती हैं और 60 वर्षीय महिला भी चरखा चला रही है। न्यूनतम निवेश करके आप अपनी जीविका का अर्जन इस चरखे के माध्यम से कर सकते हैं। चरखा चलाने के लिए किसी प्रशिक्षक की, बिजली की और अधिकतम निवेश करने की जरूरत नहीं है। यह आत्म सम्मान के साथ जीविका अर्जन करने का साधन है। यह आपको घर के द्वार पर रोजगार उपलब्ध करने का साधन है। उन्होंने यह भी बताया कि मोदी नगर निवासी 80 वर्षीय अमीना बीबी कहती है कि वह चरखा चलाकर 150/- रुपये प्रति दिन अर्जित करती है।

●●●

आवरण कथा

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा नई दिल्ली पर विश्व के सबसे बड़े चरखे का अनावरण.....

आई.जी.आई. के अध्यक्ष श्री जी.एम. सुब्रमणियम के संबोधन

चरखे का सन्देश इसकी परिधि से भी अधिक व्यापक है।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली के अध्यक्ष श्री जी.एम. सुब्रमणियम ने महात्मा गांधीजी का उद्धरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि चरखे का सन्देश इसकी परिधि से भी अधिक व्यापक है। यह संदेश सादगी, मानवजाति की सेवा, दूसरों को बिना कष्ट पहुंचाए जीवन व्यतीत करना, अमीर और गरीब, पूंजी और श्रम, शासक और किसान के मध्य चिरस्थाई बंधन और सुसंबंध स्थापित करने से परिपूर्ण है। यह वृहद संदेश सभी के लिए है।



माननीय प्रधान मंत्रीजी के प्रयासों की सराहना करते हुए श्री सुब्रमणियम ने कहा कि माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी आज नए भारत के प्रतीक हैं। हम भाग्यशाली हैं कि आज हमारे देश को ऐसे समर्पित प्रधान मंत्री मिले हैं जो 24/7 राष्ट्र के विकास के लिए सोचते हैं और कार्य करते हैं। सरकार ने, कमजोर एंव वंचित लोगों के विकास के लिए निरंतर कार्य करके सभी भारतीयों के मन में आशा की किरण जगायी है। हमारी सरकार विश्व की सबसे वृहद सम्मिलित वित्तीय योजना जैसे दक्षता विकास, बेहतर शिक्षा, सभी के लिए शौचालय, बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ अभियान, विश्व मुद्रा बैंक से दस्तावेजों के माध्यम से आसानी से बैंक ऋण प्रदान करना, जोकि एक राष्ट्र के लिए बहुत ही विकासात्मक बात है, को संचालित कर रही है। कौशल भारत, स्टार्ट-अप नेशन, मेक इन इंडिया इत्यादि द्वारा उद्यमी बनने के व्यापक अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। श्री सुब्रमणियम ने कहा कि दक्षता विकास के संबंध में माननीय प्रधान मंत्रीजी के विचारों पर ध्यान केंद्रित करते हुए जी.एम.आर. समूह, सम्पूर्ण देश में दक्षता विकास केंद्र संचालित कर रहा है और यह 5000 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

आई.जी.आई. के अध्यक्ष ने आगे यह भी बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट में विश्व के सबसे बड़े चरखे की स्थापना कर दिल्ली हवाई अड्डे के मुकुट में एक और हीरा जड़ गया है। हम राष्ट्र के महान परिसंपति के परिरक्षक हैं एवं स्वदेशी के प्रतीक हैं। उन्होंने पुनः दोहराया कि इस विचार का मुख्य उद्देश्य देश के सबसे बड़े एयरपोर्ट में विश्व का विशालतम चरखा स्थापित कर देश और विदेश के यात्रियों तथा आगंतुकों के मन में स्वदेशी की भावना जागृत करना है।

●●●

खादी की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए आयोग द्वारा *गिफ्ट वाऊचर* की शुरुआत

अब..आप एक गिफ्ट वाऊचर उपहार में दे सकते हैं

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, आक्रमक रूप में खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों की मार्केटिंग कर रहा है, आयोग ने ग्राहकों को अपने उत्पादों की ओर आकर्षित करने तथा उत्पादों की बिक्री बढ़ाने हेतु गिफ्ट वाऊचरों की नयी शुरुआत 19 जुलाई, 2016 को की। केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री कलराज मिश्र ने कनॉट प्लेस, नई दिल्ली स्थित खादी इंडिया आउटलेट में आयोजित एक भव्य समारोह में खादी इंडिया गिफ्ट वाउचर का शुभारंभ किया। यह गिफ्ट वाऊचर 500/- रुपये, 1000/- रुपये तथा 5000/- रुपये मूल्य के होंगे।

खादी इंडिया गिफ्ट वाउचर का लोकार्पण करते समय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के नव नियुक्त राज्य मंत्री श्री हरिभाई पार्थीभाई चौधरी और आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर आयोग के अध्यक्ष महोदय ने प्रेस को अवगत कराते हुए कहा कि ''इस योजना से विशेष रूप से कॉर्पोरेट हाऊस और मार्केटिंग एजेंसियों को लाभ होगा क्योंकि कॉर्पोरेट वर्ग में उनके कर्मचारियों और ग्राहकों को उपहार देने का यह नया चलन है। यह गिफ्ट वाउचर आयोग के सभी विभागीय बिक्री केन्द्रों में शीघ्र ही उपलब्ध होंगे। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने पहली बार इस गिफ्ट वाउचर योजना की शुरूआत की है।

आयोग के अध्यक्ष, श्री सक्सेना ने आगे बोलते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग में खादी की मांग बढ़ रही है और यह गिफ्ट वाउचर आने वाले त्योहारों के समय में बहुत ही लाभप्रद सिद्ध होंगे जिसमें आप अपने प्रियजनों को 500/- रु. की छोटी धनराशि से 5000/- रु. तक के गिफ्ट वाउचर दे सकते हैं और वह अपने पसंद के खादी उत्पादों की खरीदी कर सकते हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए माननीय मंत्री श्री कलराज मिश्र ने कहा कि शीघ्र ही खादी इंडिया के नए विक्रय केंद्र सभी राज्यों की राजधानियों में खोले जायेंगे।

केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री श्री कलराज मिश्र द्वारा नये एमएसएमई राज्य मंत्री श्री हरिभाई पी. चौधरी का स्वागत

श्री हरिभाई पार्थीभाई चौधरी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में नये एमएसएमई राज्य मंत्री के रूप में पदभार संभाला है। इस अवसर पर मंत्रालय में केन्द्रीय एमएसएमई मंत्री श्री कलराज मिश्र ने श्री हरिभाई पार्थीभाई चौधरी का स्वागत किया।

श्री चौधरी, 9 नवम्बर 2014 से 5 जुलाई 2016 तक गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री के पद पर कार्यरत थे। वह लोकसभा सांसद हैं और गुजरात के बानसकांठा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।

श्री हरिभाई चौधरी का जन्म जागाना (गुजरात के बानसकांठा जिले) में हुआ था। उन्होंने मुंबई विश्वविद्यालय से एम.कॉम की डिग्री हासिल की। राजनीति में आने से पहले श्री चौधरी एक कृषि विज्ञानी एवं एक व्यवसायी थे। बानसकांठा निर्वाचन क्षेत्र से सांसद के रूप में इनका निर्वाचन तीन बार हुआ है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संसदीय संघ में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जिसमें 145 देशों के 550 सांसदों ने भाग लिया था।

सूक्ष्म उद्योगों से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी

-कलराज मिश्र

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री कलराज मिश्र ने 21 और 22 जुलाई 2016 को अपने गोरखपुर और देवरिया दौरे के दौरान कहा कि माननीय प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' का स्वप्न भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ऊंचाईयों तक ले जाएगा। वह 'युवा संवाद' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

एमएसएमई मंत्री द्वारा खादी एयरपोर्ट बिक्री केंद्र का निरीक्षण

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री कलराज मिश्र ने विशाखापटनम एयरपोर्ट में हाल ही में खोले गए खादी बिक्री केंद्र का 23 जुलाई 2016 को निरीक्षण किया, इस अवसर पर उनके साथ सांसद, श्री के.हरिबाबू, खादी और ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य, दक्षिण क्षेत्र श्री जी. चन्द्रमौली, कॉयर बोर्ड तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

माननीय मंत्री महोदय ने विशाखापटनम एयरपोर्ट में खादी बिक्री केंद्र खोलने में डिविजनल कार्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पोंडुरु खादी निर्माण की प्रक्रिया और इसकी मांग के बारे में जानकारी प्राप्त की। आयोग के विभागीय कार्यालय, विशाखापटनम के उप निदेशक/प्रभारी श्री एम. भूमइयाह ने

आंध्रप्रदेश में खादी उत्पादों की बिक्री और उनकी मांग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मंत्री महोदय ने विशाखापटनम एयरपोर्ट के बिक्री केंद्र में नियमित विक्रय के लिए खादी और ग्रामोद्योग के विभिन्न उत्पादों को रखने का सुझाव दिया।

विशाखापटनम एयरपोर्ट में खादी बिक्री केंद्र

विशाखापटनम, 8 जुलाई 2016: विशाखापटनम एयरपोर्ट पर हाल ही में एक खादी बिक्री केंद्र का शुभारम्भ किया गया।

इस खादी बिक्री केंद्र को खोलने का मुख्य उद्देश्य इस शहर की भौगोलिक महत्ता, महानगरीय संस्कृति, विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों का आयोजन तथा प्रधान मंत्री द्वारा विशाखापटनम को भारत में स्मार्ट शहरों की सूची में चयनित करना है और इसके फलस्वरूप आज यह नगर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विभिन्न व्यापारों के लिए व्यस्त हो गया है।

खादी और ग्रामोद्योग के उत्पाद उत्कृष्ट एवं पर्यावरण-

अनुकूल हैं, इसलिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोग इन उत्पादों का उपयोग करना चाहते हैं। इससे न केवल खादी उत्पादों के प्रति जागरूकता का सृजन होगा बल्कि ग्रामीण पारंपरिक कारीगरों को आजीविका अर्जन करने हेतु रोजगार के

(शेष पृष्ठ 19 पर)

उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने महाराष्ट्र के राज्यपाल को आयोग के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी



20 जुलाई 2016, मुंबई: महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल, श्री चेन्नामनई विद्यासागर राव ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की गतिविधियों को जानने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री के.एस. राव के साथ एक संक्षिप्त चर्चा की। राज्यपाल महोदय ने राजभवन में खादी के उपयोग, मुंबई विश्वविद्यालय के छात्रों, गैर सरकारी संगठनों और कॉर्पोरेट्स के लिए पीएमईजीपी और स्फूर्ति योजना की कार्यशाला के आयोजन तथा आंध्र प्रदेश में मेटपल्ली के निकट स्थित नागरम में प्रस्तावित स्फूर्ति क्लस्टर के बारे में भी विचार विमर्श किया।

प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के ऑनलाइन कार्यान्वयन हेतु राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम व्यवस्था का ऑनलाइन संचालन करने हेतु कार्यान्वई एजेंसियों और बैंकों को दिशानिर्देश देने के लिए अहमदाबाद में एक राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई थी|

कुटीर और ग्रामीण उद्योग, गुजरात सरकार के मुख्य सचिव श्री एस॰ एल॰ हैदर ने इस कार्यशाला की अध्यक्षता की | इस अवसर पर श्री आई. ए. चौहान; भारतीय वित्त सेवा, सदस्य सचिव, गुजरात खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड, श्री एम.के. बेदी; डीजीएम, एसएलबीसी, सीआरआई के संयुक्त आयुक्त, गुजरात सरकार इत्यादि उपस्थित रहकर इस कार्यशाला की शोभा बढ़ाई. इनके अतिरिक्त गुजरात राज्य एंव दमन और दिव के जिला उद्योग केन्द्रों के सभी महा प्रबन्धक भी इस अवसर पर उपस्थित थे|

इस कार्यशाला में लगभग 153 कर्मचारियों ने भाग लिया|

राज्य कार्यालय के प्रतिनिधि ने इस अवसर पर ऑनलाइन संबन्धित दिशानिर्देशों पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन किया और इस प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के ई-पोर्टल का संचालन करने जैसे आवेदन करने, एजेंसी लॉग इन करने, कन्वेनर लॉग इन करने, डीएलटीएफसी इत्यादि को जानकारी भेजने के बारे में सूचित किया|

आयोग की 635वीं बैठक, दिनांक 27 जुलाई, 2016 को बंगलुरू में संपन्न हुई।

मुख्य मंत्री, गुजरात द्वारा हनी पॉर्लर का उद्घाटन

गुजरात की मुख्य मंत्री श्रीमती आनंदी बेन पटेल ने वापी, गुजरात स्थित फूड पार्क में हनी पॉर्लर का उद्घाटन किया, इस पॉर्लर के मालिक श्री मनमोहन भाई हैं, जिन्होंने आयोग के राज्य मधुमक्खीपालन विस्तार केन्द्र के सहयोग से इसे विकसित किया है।

आयोग के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा के.एन.एच.पी.आई.,जयपुर दौरा

आयोग के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने अपने जयपुर, राजस्थान के प्रवास के दौरान 15 जुलाई 2016 को कुमारप्पा हाथकागज संस्थान, सांगानेर, जयपुर का दौरा किया तथा संस्थान की 23वीं शासकीय परिषद बैठक को संबोधित किया।

बैठक में इस अवसर पर आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री अरुण कुमार झा; वित्तीय सलाहकार, सुश्री उषा सुरेश और अन्य अधिकारियों भी उपस्थित थे। माननीय अध्यक्ष महोदय ने सांगानेर स्थित कुमारप्पा हाथकागज संस्थान का मुआयना किया तथा इस अवसर पर संस्थान के उप निदेशक/प्रभारी श्री अश्विनी कुमार और कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। बैठक के पूर्व उन्होंने आयोग के वरिष्ठ अधिकारीगण के साथ संस्थान की गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा संस्थान के विभिन्न विभागों जैसे रासायनिक लैब, भौतिक प्रयोगशाला, जैव तकनीकी लैब, प्रायोगिक संयंत्र और पर्यावरण प्रयोगशाला का भी अवलोकन किया। माननीय अध्यक्ष महोदय ने संस्थान की गतिविधियों को समझने में काफी दिलचस्पी दिखाई और वर्तमान प्रणालियों और प्रक्रियाओं में सुधार करने के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। उन्होंने परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के प्रसंग पर भी काफी ज़ोर दिया।

इस अवसर पर आयोग के निदेशक, हाथ कागज एवं रेशा उद्योग, श्री एम.बी. काम्बले; राज्य कार्यालय जयपुर के निदेशक, श्री बलधारी सिंह एवं डॉ. विमल कुमार और डॉ. सुनीता चौहान उपस्थित थे। इससे पहले, श्री विनय कुमार सक्सेना ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलित किया तथा संस्थान में पौधारोपण भी किया। अपने दौरे के दौरान माननीय अध्यक्ष महोदय ने जयपुर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष से भी मुलाकात की।

●●●

आयोग के अध्यक्ष हेरिटेज चरखे पर कताई करते हुए

....मानव सेवा समिति द्वारा चरखा संग्रहालय के लिए अध्यक्ष महोदय, चरखा स्वीकार करते हुए

श्री प्रीतपाल धीमन द्वारा चरखा दान में दिया गया

श्री प्रीतपाल धीमन, जोकि व्यवसाय से एक सुतार हैं, ने अपनी स्वर्गीय माता श्रीमती मेहर कौर के लिए आज से 45 वर्ष पूर्व एक चरखे का निर्माण किया था। उनकी माताजी ने इस चरखे पर आठ वर्षो तक काम कर अपने परिवार के लिए अजीविका का अर्जन किया था। उनकी माताजी का 12.05.2016 को निधन होने के पश्चात उनकी पत्नी श्रीमती विद्या देवी ने इस चरखे पर काम करना प्रारम्भ किया। आज, श्री प्रित्पल, स्टार इंडस्ट्रीस (भारत) के प्रबन्ध निदेशक है।

श्री प्रीतपाल द्वारा तैयार किया गया यह चरखा खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य कार्यालय, चंडीगढ़ को दान स्वरुप दिया गया। इस अवसर पर श्री अरविंद कुमार, उप निदेशक प्रभारी, राज्य कार्यालय, चंडीगढ़, श्री जे.एस. मलिक, सहायक निदेशक, राज्य कार्यालय, चंडीगढ़ एवं श्री प्रीतपाल का परिवार उपस्थित था।

आयोग द्वारा संसद भवन परिसर में खादी इंडिया स्टॉल का शुभारंभ

श्री कलराज मिश्र, माननीय केन्द्रीय मंत्री सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक: 02.08.2016 को संसद भवन परिसर में दीप प्रज्वलित एवं रिबन काट कर खादी इंडिया स्टॉल का शुभारम्भ किया|

इस अवसर पर श्री गिरिराज सिंह, श्री हरिभाई पार्थीभाई चौधरी, माननीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के साथ- साथ नई दिल्ली से सांसद श्रीमती मीनाक्षी लेखी, उत्तर-पूर्वी दिल्ली से सांसद श्री मनोज तिवारी,पश्चिमी दिल्ली से सांसद श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा, डोमरियागंज, उत्तर प्रदेश सांसद श्री जगदम्बिका पाल, सोनीपत, हरियाणा से सांसद श्री रमेश कौशिक, अमरावती, महाराष्ट्र से शिवसेना सांसद श्री आनंदराव अडसूळ, श्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष,खादी और ग्रामोद्योग आयोग, मंत्रालय में संयुक्त सचिव,श्री बी.एच. अनिल कुमार,श्री अरुण कुमार झा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, खादी इंडिया, नई दिल्ली के प्रबन्धक, श्री ऐ.के.गर्ग एवं सुप्रसिद्ध डिजाइनर रितु बेरी के अतिरिक्त कई अन्य सांसद भी उपस्थित थे |

श्रीमती सुमित्रा महाजन माननीय लोकसभा अध्यक्ष, ने श्री विनय कुमार सक्सेना, अध्यक्ष, खादी और ग्रामोद्योग के अनुरोध पर संसद भवन परिसर में खादी उत्पाद की बिक्री करने हेतु मौजूदा मानसून सत्र के लिए अस्थाई आधार पर एक स्टॉल का स्थान आबंटित किया है | यह स्टॉल संसद भवन के भूतल पर स्टेट बैंक के काउन्टर के सामने, उस स्थान पर लगाया गया है जहाँ से माननीय सदस्यों का लगातार आवागमन रहता है | यह स्टॉल सांसदों, अधिकारियों, एवं आगंतुकों के लिए खादी और ग्रामोद्योग के उत्पादों को उपलब्ध कराने के लिए शुरू की है|

खादी इंडिया स्टॉल में गिफ्ट किट रु. 8000/-, 7500/- आदि उत्पाद के अतिरिक्त जम्मू-कश्मीर के आतंकवाद क्षेत्र से प्रभावित जम्मू के नगरोटा गावं के परिवारों की महिलायों द्वारा खादी इंडिया के रुमालों (SET OF 6 PIECES) का सैट भी बिक्री के लिए उपलब्ध है, हालाँकि खादी भारतीय नेताओं के लिए कोई नई बात नहीं है | खादी, भारत की आजादी के आन्दोलन की प्रतीक है|

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, अपने उत्पाद माननीय संसद सदस्यों के माध्यम से देश के कोने-कोने में पहुँचने को तत्पर है | खादी और ग्रामोद्योग आयोग के प्रयासों से माननीय सांसदों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए खादी को अधिक से अधिक आकर्षित बनाने तथा यह संदेश देश

के कोने-कोने एवं आम आदमी तक पहुँचाने के उद्देश्य से खादी का स्टॉल संसद भवन परिसर में लगाया गया है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग, ग्रामीण क्षेत्रों में काम कर रहे कारीगरों को रोजगार प्रदान करने के अलावा संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

आयोग के अध्यक्ष द्वारा खादी भवन, कोलकाता का दौरा

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई ने खादी को अपने दीक्षांत परिधान के रूप में चुना

